THE ECONOMIC TIMES नई दिल्ली बुधवार 16 जुलाई 2014

**गुड न्यूज:** ऑस्ट्रेलियाई वेदर डिपार्टमेंट के मुताबिक अल नीनो स्ट्रॉन्ग नहीं रहेगा

# मॉनसून सीजन की बारिश पर अल नीनो का खतरा कम!



## पहले अल नीनो के एक्टिव होने चलते बारिश में कमी की आशंका जताई गई थी

[ माधवी शैली | नई दिल्ली ]

**कम मॉनसून** ने पॉलिसी बनाने वालों की नींद उड़ा रखी है, लेकिन इस बीच उनके लिए एक अच्छी खबर ऑस्ट्रेलिया के वेदर डिपार्टमेंट से आई है। उसका कहना है कि इस साल अल नीनो का बहुत असर नहीं होगा। जुलाई-सितंबर के दौरान मॉनसून सीजन पर अल नीनो की वजह से बुरा असर पड़ने की आशंका पहले जताई गई थी। ऑस्ट्रेलियाई वेदर डिपार्टमेंट का कहना है कि अल नीनो इस साल बहुत स्ट्रॉन्ग नहीं होगा, लेकिन इसके डिवेलप होने के आसार 70 पर्सेंट तक हैं।

वहीं 14 जुलाई तक देश में मॉनसून की बारिश सामान्य से 41 पर्सेंट कम रही है। ऑस्ट्रेलियाई वेदर डिपार्टमेंट ने 15 जुलाई की रिपोर्ट में कहा है, 'अलग-अलग वेदर मॉडल्स से लग रहा है कि अल नीनो एक्टिव होगा, लेकिन इसके मजबूत रहने के आसार नहीं हैं। अगर अल नीनो एक्टिव होता भी है तो इसका बहुत ज्यादा असर नहीं होगा।' अल नीनो की घटना तब होती है, जब दक्षिणी पैसिफिक ओशन गर्म होता है। इससे भारत में मॉनसून की बारिश पर नेगेटिव असर होता है।

ऑस्ट्रेलियाई वेदर डिपार्टमेंट की रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले कई महीनों में पैसिफिक ओशन की गर्मी पीक पर पहुंच चुकी थी। इसका मतलब यह है कि 2014 में अल नीनो के मजबूत होने के आसार कम हैं। ऑस्ट्रेलियाई वेदर डिपार्टमेंट ने कहा है कि इंडियन ओशन डाइपोल (आईओडी) इंडेक्स मध्य जून के बाद 0.4 सेंटीग्रेड से नीचे है। अगर यह अगस्त में नेगेटिव रहता है, तभी अल नीनो आएगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वेदर मॉडल से संकेत मिलता है कि आईओडी के बसंत तक न्यूट्रल होने की उम्मीद है। भारतीय उपमहाद्वीप में मॉनसून की मजबूती आईओडी से प्रभावित होती है। इस बीच, अगले दो-तीन दिनों में मॉनसून के देश के कुछ और हिस्सों में पहुंचने की उम्मीद

> **अलग-अलग वेदर मॉडल्स से लग रहा है कि अल नीनो एक्टिव होगा, लेकिन इसके मजबूत रहने के आसार नहीं हैं। अगर अल नीनो एक्टिव होता भी है तो इसका बहुत ज्यादा असर नहीं होगा**
>
> **ऑस्ट्रेलियाई वेदर डिपार्टमेंट**

है। 15 जुलाई की सुबह मॉनसून पोरबंदर, राजकोट, सुरेंद्रनगर, उदयपुर, अजमेर और बीकानेर भी पहुंच जाएगा। 15 जुलाई तक ही मॉनसून के पूरे देश भर में पहुंचने की भी उम्मीद की जा रही है।

भारतीय मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 24 घंटों में मध्य प्रदेश, असम, मेघालय, कोंकण, गोवा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, गुजरात और तटीय एवं अंदरूनी कर्नाटक में पहुंचने की उम्मीद है।

Economic Times
16/7/14